**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-849**

**जिसका उत्तर 07 दिसंबर, 2023 को दिया गया**

**पंखे और इलेक्ट्रिक स्टोव का वितरण**

**849. श्री राम कृपाल यादव:**
**डॉ. रामशंकर कठेरिया:**
**श्री जनार्दन मिश्र:**
**श्री हरीश द्विवेदी:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार देश में कम बिजली की खपत करने वाले पंखे और इलेक्ट्रिक स्टोव के वितरण से संबंधित कोई योजना शुरू करने का है;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना के अंतर्गत पंखे और इलेक्ट्रिक स्टोव के वितरण के लिए सरकार द्वारा राज्य-वार किन-किन कंपनियों की पहचान की गई है; और

(ग) ई-कुकिंग के माध्यम से देश के गरीब परिवारों के लिए भोजन पकाने की लागत में कितनी कमी आएगी?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) और (ख) :** विद्युत मंत्रालय के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के एक संयुक्त उद्यम, एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल), ने नवंबर, 2023 में नेशनल एफिशिएंट कुकिंग प्रोग्राम (एनईसीपी) तथा एनर्जी एफिशिएंट फैन्स प्रोग्राम (ईईएफपी) की शुरूआत की है। इन पहलों का उद्देश्य भारत में खाना पकाने के तरीकों में क्रांति लाना है तथा ऊर्जा कुशल पंखों के महत्व पर जोर देना है। ईईएसएल ने ईईएसएल पोर्टल, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम), इंडिया पोस्ट तथा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से बीएलडीसी पंखों की चरणबद्ध बिक्री करने की योजना बनाई है।

**(ग) :** इंडक्शन कुक स्टोव की उच्च दक्षता के कारण एलपीजी आधारित खाना पकाने की तुलना में एक घर में लगभग 3000-4000/- रुपये की वार्षिक मौद्रिक बचत हो सकती है।

*************